**दिनाँक- ०८.०३.२०२२**

पत्रावली पेश हुयी। अभियुक्त शिवकुमार न्यायालय में उपस्थित है। प्रस्तुत सत्र पत्रावली में मु०अ०सं० - १५१/०४, अन्तर्गत धारा- १४७,१४८,१४९,३०७,३०४, थाना- भोगनीपुर, कानपुर देहात में आरोपपत्र संख्या- १३४/०४ पर प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या- ८४/०४ के सम्बन्ध में अभियुक्त विजय पाल, बलवान, पुत्तन, रामशंकर, छोटू, रामलखन, सन्तोष , प्रमोद कुमार, शिव कुमार का नाम अंकित है। प्रस्तुत प्रकरण अलग विचाराधीन है एवं उक्त अभियुक्त शिवकुमार के विद्वान अधिवक्ता का यह तर्क है कि अन्य अभियुक्तगण के सम्बन्ध में अपील माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में विचाराधीन है। अतः प्रस्तुत प्रकरण की स्थिति परिस्थिति को देखते हुए थाना - भोगनीपुर से आख्या तलब की जानी न्यायोचित है कि उक्त मु०अ०सं० - १५१/०४ के अन्य अभियुक्तों की वर्तमान स्थिति थाना में क्या-क्या अंकित है। उक्त सम्बन्ध में सम्पूर्ण विवरण नियत दिनाँक तक प्रस्तुत करें, ताकि अग्रिम समुचित कार्यवाही प्रपत्रों के सम्बन्ध में अमल में लायी जा सके। तद्नुसार पत्रावली वास्ते भोगनीपुर आख्या दिनाँक- २५.०३.२०२२ को पेश हो।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश /
त्वरित न्यायालय (14 वां वित्त आयोग),
कानपुर देहात।

Digitally signed by Nijender Kumar
Date: 2022.03.08 16:17:28 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court